**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 06-10-2025**

- **राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (अक्टूबर-2025) के तहत डीआईजी बस्ती द्वारा रेंज के जनपदों में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 06.10.2025 को डीआईजी बस्ती द्वारा रेंज के सभी जनपदों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि साइबर अपराधों से बचाव एवं जनसामान्य को जागरूक करने हेतु अक्टूबर माह के दौरान राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह अभियान चलाया जाए। इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों, थाना क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों एवं बाजारों आदि में पम्पलेटों का वितरण, कार्यशालाओं का आयोजन कर जागरुक करने तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साइबर सुरक्षा संदेशों का प्रचार- प्रसार किया जाये।

डीआईजी बस्ती ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे बचाव का एकमात्र उपाय जागरूकता है। प्रत्येक नागरिक को अपने बैंक विवरण, ओटीपी, पासवर्ड या व्यक्तिगत जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति या लिंक पर साझा नहीं करनी चाहिए।

इस अवसर पर उन्होंने आमजन से अपील की कि साइबर अपराध से संबंधित किसी भी घटना की सूचना राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल – www.cybercrime.gov.in या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल दें।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**